प्रेस नोट संख्या 08

दिनांक 05.10.2024

सराहनीय कार्य थाना शिवरतनगंज/मोहनगंज पुलिस

पुलिस मुठभेड़ में हत्या अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से थाना क्षेत्र शिवरतनगंज में घटित घटना में प्रयुक्त 01 अदद देशी पिस्टल मय मैग्जीन, 01 बुलेट मोटरसाइकिल एवं 01 अदद पिस्टल व 01 खोखा कारतूस 9 MM (संबन्धित थाना मोहनगंज) बरामद ।

दिनांक 03.10.2024 को थानाक्षेत्र शिवरतनगंज जनपद अमेठी के अहोरवा भवानी में एक परिवार के 04 सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी । जिसके क्रम में दिनांक 04.10.2024 को करीब 02.40 PM बजे एसटीएफ की गौतमबुद्ध नगर इकाई द्वारा जेवर टोल प्लाजा से अभियुक्त चन्दन वर्मा पुत्र मायाराम निवासी तेलिया कोट कोतवाली नगर रायबरेली को गिरफ्तार कर थाना शिवरतनगंज में दाखिल किया गया था । उक्त घटना में प्रयुक्त देशी पिस्टल व बुलेट मोटरसाइकिल की बरामदगी हेतु अभियुक्त से पूछताछ से प्राप्त जानकारी एवं उसकी निशानदेही पर अभियुक्त के बताये हुए स्थान पर आज दिनांक 05.10.2024 को थाना शिवरतनगंज व थाना मोहनगंज पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना में प्रयुक्त एक काले रंग की बुलेट मोटरसाइकिल सं0 यू0पी0 33 बी0यू0 4576 एवं एक देशी पिस्टल मय मैग्जीन बरामद की गई । बरामदगी के दौरान थानाक्षेत्र मोहनगंज जनपद अमेठी अन्तर्गत पूरे विन्ध्या दीवान की नहर पटरी, जंगल झाड़ी के पास उ0नि0 मदन कुमार सिंह थाना शिवरतनगंज द्वारा बरामद पिस्टल के निरीक्षण करते समय अभियुक्त चन्दन वर्मा पुत्र मायाराम निवासी तेलिया कोट कोतवाली नगर रायबरेली द्वारा उ0नि0 उपरोक्त के खोष्टे (गन होलेस्टर) से सरकारी पिस्टल निकालकर काग करके जान से मारने की नियत से उ0नि0 मदन कुमार सिंह के ऊपर फायर कर दिया गया । हिकमतअमली से उ0नि0 द्वारा अपने आप को बचाया गया । आत्मरक्षार्थ श्री सच्चिदानन्द राय प्रभारी निरीक्षक शिवरतनगंज द्वारा फायर किया गया जिससे गोली अभियुक्त के दाहिने पैर पर लग गयी एवं अभियुक्त मौके पर ही गिर गया । घटना स्थल से 01 अदद पिस्टल व 01 खोखा कारतूस 9 MM बरामद की गई । अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी तिलोई ले जाया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

बरामदगी-

1. बुलेट मोटरसाइकिल सं0 यू0पी0 33 बी0यू0 4576 ।
2. एक अदद देशी पिस्टल मय मैग्जीन ।
3. 01 अदद पिस्टल व 01 खोखा कारतूस 9 MM संबन्धित थाना मोहनगंज (घटनास्थल से) ।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

1. मु0अ0सं0 271/24 धारा 109 बी0एन0एस0 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी ।
2. मु0अ0सं0 121/24 धारा 103(1) बी0एन0एस0 व 3(2)V एससी/एसटी एक्ट थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री सच्चिदानन्द राय प्रभारी निरीक्षक थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी ।
2. श्री राकेश सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज जनपद अमेठी ।
3. उ0नि0 मदन कुमार सिंह थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी ।
4. उ0नि0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी ।
5. हे0का0 रमेश सिंह थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी ।
6. हे0का0 अनिल सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी ।
7. का0 विनोद कुमार सिंह थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी ।
8. का0 आशीष सिंह थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी ।
9. का0 रोहित सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी ।